पोस्टल रजि. नं. आरजे/यूडी/ 29-15/2015-2017

महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउण्डेशन का वार्षिक सम्मान समर्पण समारोह 22 को

ग्रोवर को हकीम खां सूर, प्रो. स्मिथ को जेम्स टॉड सम्मान

पीयूष पाण्डे को मिलेगा हल्दीघाटी, अनु आगा को पन्नाधाय, पयांग को महाराणा उदयसिंह सम्मान

प्रो.जॉन डी स्मिथ

वृंदा ग्रोवर

अनु आगा

जादव मुलाय पयांग

पीयूष पांडे

उदयपुर @ पत्रिका

patrika.com/city

महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउण्डेशन का 33 वां वार्षिक सम्मान समर्पण समारोह आगामी 22 मार्च को शाम 4 बजे यहां सिटी पैलेस के माणक चौक में होगा। इसके लिए राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय अलंकरणों की मंगलवार को घोषणा की गई। इसके तहत कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में संस्कृत अध्यापन से शुरुआत करने वाले प्रो. जॉन डी. स्मिथ, विज्ञापनों से सामाजिक क्रान्ति लाने वाले पीयूष पाण्डे, मानवाधिकारों के लिए लड़ने वाली अधिवक्ता वृन्दा ग्रोवर, फोरेस्ट मैन ऑफ आसाम के नाम से मशहूर जादव मुलाय पयांग, थर्मेक्स लि. से सेवानिवृत्त समाजसेवी अनु आगा को विभिन्न सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

समारोह के संयोजक डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि भारत के प्रति सार्वभौम सम्पादित स्थायी मूल्यों की सेवाओं के उपलक्ष्य में अन्तरराष्ट्रीय कर्नल जेम्स टॉड अलंकरण प्रो. जॉन डी. स्मिथ को दिया जाएगा। इसके तहत 111001 रुपए, तोरण, शॉल एवं प्रशस्तिपत्र भेंट किया जाएगा। पीयूष पाण्डे को राष्ट्र स्तर का हल्दीघाटी अलंकरण प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय एकता-अखण्डता के क्षेत्र में स्थायी सेवाओं के लिए दिया जाने वाला राष्ट्रीय हकीम खां सूर अलंकरण वृन्दा ग्रोवर को दिया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण-संवर्द्धन के क्षेत्र में स्थाई मूल्य की सेवाओं के लिए महाराणा उदयसिंह अलंकरण जादव मुलाय पयांग, दायित्व सीमा से ऊपर उठकर किए कार्य के लिए देय राष्ट्रीय पन्नाधाय अलंकरण अनु आगा को दिया जाएगा। चारों राष्ट्रीय अलंकरणों के तहत प्रत्येक विभूति को 51001 रुपए, तोरण, शॉल एवं प्रशस्तिपत्र भेंट किए जाएंगे। सभी ने 22 मार्च को उदयपुर आने की सहमति दे दी है। अलंकरण फाउण्डेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी अरविन्द सिंह मेवाड़ प्रदान करेंगे। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रकवि बालकवि बैरागी करेंगे।